>

Title: Need to open a Commercial Bank in Kunauli Bazar, Supaul Parliamentary Constituency, Bihar.

श्री विश्व मोहन कुमार (सुपौल): महोदय, शून्य काल के माध्यम से मैं सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र की ओर आकृष्ट करना चाहता हूं। सुपौल जिला जो मेरे संसदीय क्षेत्र का हैड क्वार्टर है, उसमें कुनौली बाजार है। आजादी के बाद से उस बाजार में अभी तक एक भी व्यावसायिक बैंक नहीं खुला है। वहां पर बहुत ज्यादा व्यापारी रहते हैं। वहां पर करोड़ों का कारोबार होता है। वहां पर एस.एस.बी. का कैंप है, वहां पर गृह मंत्रालय का कार्यालय है, वहां पर कस्टम ऑफिस है। यह नेपाल से सटा हुआ है और वहां से मात्र 50 फिट पर नेपाल है। अभी तक वहां पर व्यावसायिक बैंक नहीं खुला है, वहां पर व्यावसायिक बैंक खोलना चाहिए। मैं सरकार से मांग करता हूं कि वहां पर सरकारी बैंक खुले ताकि वहां पर लोगों का जो हजारों, करोड़ों रूपये का जो कारोबार है, वह सही सलामत रहे। इसकी बगल में 50 फिट पर जो नेपाल की सीमा है, वहां पर आप बिजली देख सकते हैं, लेकिन जो कुनौली बाजार है, वहां पर पोल गड़े हुए हैं, तार पड़े हुए हैं, लेकिन वहां अभी तक बिजली की सुविधा नहीं है।

MR. CHAIRMAN: You can raise only one matter and not two or three matters.

श्री विश्व मोहन कुमार : मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूं कि वहां बिजली की सुविधा दी जाये। धन्यवाद।